दैनिक
# न्याय साक्षी

# खबरें खास

रायगढ़, मंगलवार 14 दिसंबर 2021

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### मतगणना स्थल में उद्घोषक हेतु प्राचार्य रूपेश कुमार चौधरी की लगी ड्यूटी

**रायगढ़।** नगरीय निकाय आम/उप चुनाव 2021 के लिए नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 9 एवं 25 उप चुनाव के मतगणना स्थल कि.शा.पालीटेक्निक कालेज रायगढ़ में मतगणना 23 दिसम्बर 2021 को उद्घोषक हेतु शा.उ.मा.वि.चक्रधरनगर के प्राचार्य राजेश डेनियल की ड्यूटी लगाई गई थी। जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए उनके स्थान पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पुसौर के प्राचार्य रूपेश कुमार चौधरी मोबा.नं. 96698-33309 की ड्यूटी लगाई गई है।

### रायपुर जिले में अवैध उत्खनन के 78 प्रकरणों में 80 लाख से अधिक समझौता राशि वसूल की गई

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में विधायिका श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा के लिखित प्रश्नों के लिखित जवाब में बताया है कि रायपुर जिले में 01 जनवरी 2019 से लेकर 30 नवंबर 2021 की अवधि तक अवैध उत्खनन के लिए कुल 78 प्रकरण दर्ज किये गये हैं। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरणो में 80 लाख 73 हजार 440 रूपये समझौता राशि वसूल की गई है। अवैध उत्खनन के प्रकरणों में रेत, मुरूम, चूना पत्थर, मिट्टी के प्रकरण शामिल है।

### तीन जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में अतिरिक्त कोच की सुविधा

**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 03 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है 7 इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे 7 विवरण इस प्रकार है - गाड़ी संख्या 18213/18214 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस गाड़ी में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 19 दिसम्बर 2021 को तथा अजमेर से 20 दिसम्बर 2021 को उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 20847/20848 दुर्ग-ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस गाड़ी में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 15 व 22 दिसम्बर 2021 को तथा ऊधमपुर से 16 व 23 दिसम्बर 2021 को उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर स्पेशल गाड़ी में एक अतिरिक्त सामान्य कोच की सुविधा कोरबा से 14 दिसम्बर 2021 को तथा अमृतसर से 16 दिसम्बर 2021 को उपलब्ध रहेगी।

### रिटायर्ड पुलिस अफसर के बैंक लॉकर से लाखों के जेवर चोरी

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के सेंट्रल बैंक के लॉकर से जेवर से भरे दो बॉक्स के चोरी होने की शिकायत राजधानी में लंबे समय तक पुलिस में सेवाएं देने वाले रिटायर्ड एडिशनल एसपी मुकेश खरे ने किया हैं। चोरी गए जेवरों की कीमत 70 से 80 लाख रूपए बताये गए है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार आजाद चौक थानाक्षेत्र में स्थित सेंट्रल बैंक आश्रम शाखा के लॉकर में रिटायर्ड एएसपी मुकेश खरे ने अपने जेवर रखे थे। दो बॉक्स में भरकर जेवर रखे गए थे। सोमवार को जब उन्होंने वहां पहुंचकर अपना लॉकर चेक किया, तो पता चला कि जेवर से भरे दोनों बॉक्स लॉकर से गायब हैं।

# घरघोड़ा, तमनार की सहकारी समितियों में पहुंच रहा मोबाइल एटीएम वैन

## किसानों की सुविधा के लिए कलेक्टर भीम सिंह ने दी है निर्देश

» शेड्यूल अनुसार तय स्थानों पर निर्धारित तिथियों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होगा मोबाइल एटीएम वैन का संचालन

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने किसानों को भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने मोबाइल एटीएम वैन संचालन करने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत छ.ग. राज्य सहकारी बैंक की शाखा द्वारा घरघोड़ा व तमनार विकासखण्ड के दूरस्थ अंचलों में स्थित सहकारी समितियों में मोबाईल एटीएम वैन का संचालन किया जा




रहा है। जिससे बैंक के ग्राहकों को स्थानीय स्तर पर भुगतान की सुविधा उपलब्ध करायी जा सके।

घरघोड़ा एवं तमनार विकासखंडों के विभिन्न समितियों में मोबाईल एटीएम वैन के संचालन हेतु शेड्यूल बनाया गया है। जिसके तहत घरघोड़ा विकासखण्ड के 14 व 15 दिसम्बर को टेण्डा नवापारा, 16 व 17 दिसम्बर को छर्राटांगर में मोबाइल एटीएम वैन पहुंचेंगे। इसी प्रकार तमनार विकासखण्ड के अंतर्गत 18 व 19 दिसम्बर को तमनार, 20 व 21 दिसम्बर को जरेकेला, 22 व 23 को दिसम्बर को खम्हरिया, 24 व 25 दिसम्बर को उरबा, 26 व 27 दिसम्बर को धौराभांटा, 28 दिसम्बर को हमीरपुर, 29 दिसम्बर को सराईटोला तथा 30 व 31 दिसम्बर को सराईपाली में मोबाईल एटीएम वैन का संचालन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।

# 9 लाख 43 हजार क्विंटल धान की हो चुकी खरीदी, 3 लाख 18 हजार क्विंटल धान का हो चुका है उठाव

» बंगुरसिया में 57 किसान विक्रय कर चुके है धान



**रायगढ़।** खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन सहकारी समितियों में किया जा रहा है। किसान भी उत्साह से अपनी उपज का विक्रय कर रहे है। समितियों में किसानों के टोकन काटने से उनकी तौलाई-भराई व उठाव को लेकर सभी व्यवस्थाएं की गई है। जिले में अब तक 9 लाख 43 हजार 898 क्विंटल धान का उपार्जन हो चुका है। जिसमें से 3 लाख 18 हजार 110 क्विंटल धान का उठाव मिलरों द्वारा किया जा चुका है।

बंगुरसिया समिति में धान विक्रय करने आए नवापारा के रामलाल राठिया ने बताया कि उन्होंने तीन दिन पहले टोकन कटवाया था। आज वे अपना 80 क्विंटल धान बेचने आए है। उन्होंने कहा कि समिति में धान खरीदी और किसानों की सुविधाओं के लिए अच्छी व्यवस्थाएं की गई है। इसी प्रकार चक्रधरपुर के किसान कुस्टो मालाकार व अड़बहाल के किसान प्रहलाद सिदार ने भी उपार्जन केन्द्र में किसानों के बैठने, शौचालय, पेयजल सहित अन्य तमाम सुविधाओं को बेहतर बताया। उल्लेखनीय है कि बंगुरसिया समिति में 18 गांव के 603 किसान पंजीकृत है। जिसमें से 57 किसान यहां लगभग 2200 क्विंटल धान बेच चुके है।

# पिकअप वाहन में क्रूरतापूर्वक मवेशियों को बूचड़खाने ले जाते आरोपी पकड़ाए



**रायगढ़।** दिनांक 12.12.2021 की रात्रि पुलिस चौकी जूटमिल में नेतनागर सरदार मोहल्ले में रहने वाले सोहन सिंह उर्फ सोनू पिता लल्लू सिंह उम्र 41 वर्ष सूचना दिया कि एक पिकअप वाहन में कृषिधन मवेशियों को बड़ी क्रूरतापूर्वक लोड कर रायगढ़ से झारसुगुडा बूचड़खाने ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस चौकी जूटमिल के प्रधान आरक्षक शम्भू पाण्डेय हमराह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर मेन रोड पर पिकअप वाहन क्रमांक ओआर 03 जीए 6282 के चालक धनजीत यादव पिता जतिन यादव उम्र 38 वर्ष निवासी डिपूपारा झंडा चौक जिला झाड़सुगुड़ा उड़ीसा से कृषिधन के परिवहन के संबंध में कागजात की मांग की गई जिस पर चालक कोई कागजात नहीं होना बताया। जूटमिल पुलिस द्वारा पिकअप वाहन से मुक्त कराये गये कृषिधन की चारा पानी की व्यवस्था के लिए ग्राम संगीतराई के सचिन पटेल को देखरेख हेतु सुपुर्दनामा पर दिया गया है। आरोपी पिकअप वाहन चालक धनजीत यादव से पिकअप वाहन की जब्ती कर धारा 4,6,10 छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं धारा 11(1)(घ) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 17 दिसम्बर को

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायगढ़ स्टेडियम, बोईरदादर में 17 दिसम्बर 2021 को जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस जिला स्तरीय आयोजन में समस्त 09 विकासखण्डों के विजेता प्रतिभागी/दल भाग लेंगे।




जिला स्तरीय युवा उत्सव में दो आयु वर्गों में 15 से 40 एवं 40 वर्ष से अधिक आयु वाले प्रतिभागी विभिन्न विधाओं में अपना जौहर दिखाएंगे। इसमें लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी नाटक (हिन्दी/अंग्रेजी भाषा/छत्तीसगढ़ी), शास्त्रीय गायन हिन्दुस्तानी शैली, शास्त्रीय गायन कर्नाटक शैली, सितार वादन (शास्त्रीय वादन), बांसुरी वादन (शास्त्रीय वादन), तबला वादन (शास्त्रीय वादन), वीणा वादन (शास्त्रीय वादन), मृदंगम वादन (शास्त्रीय वादन), हारमोनियम वादन (सुगम वादन), गिटार वादन (भारतीय या पाश्चात्य संगीत), मणीपुरी (शास्त्रीय नृत्य), ओडीसी (शास्त्रीय नृत्य), भरतनाट्य (शास्त्रीय नृत्य), कत्थक (शास्त्रीय नृत्य), कुचीपुड़ी (शास्त्रीय नृत्य), वक्तृत्व कला (तात्कालिक भाषण) को शामिल किया गया है। साथ ही उक्त विधाओं के अतिरिक्त अन्य विधाएं भी सम्मिलित की गई हैं। जिसमें सुआ, पंथी, करमा नाचा, सरहुल नाचा, बस्तरिहा लोकनृत्य, राउत नाचा, फुगड़ी, भौंरा, गेड़ी दौड़/चाल, रॉक बैंड (सीधे राज्य स्तर पर सम्मिलित किया जायेगा), पारम्परिक वेशभूषा (विविध वेशभूषा) प्रतियागिता, फूड फेस्टीवल- छ.ग. के व्यंजनों के आधार पर प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता-छ.ग. के लोक संस्कृति के चित्रण के आधार पर, वाद विवाद (तात्कालिक समसामयिक विषय), क्विज, निबंध, कबड्डी एवं खो-खो शामिल है।

# राहगीरों से लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, दो लूटपाट की घटनाओं का हुआ खुलासा

» अमलीभौना के पास दो लोगों से रूपये लूटपाट कर भागते समय जूटमिल पुलिस ने पकड़ा

**रायगढ़।** दिनांक 12.12.2021 के दोपहर पुलिस चौकी जूटमिल क्षेत्र में आने वाले अमलीभौना हाइवे पर टावर तिराहा के पास मोटरसाइकिल पर रायगढ़ की ओर आ रहे दो व्यक्तियों को रोककर दो लड़के लोहे का कत्ता दिखाकर डरा धमकाकर नकदी करीब ?4000 लूटकर भाग गए। लूटपाट के पीड़ित गणेश राम साहू और संतोष साहू चौकी जूटमिल आकर घटना की सूचना दिये। चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू को सूचना मिलने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर अपने




स्टाफ को नाकेबंदी का निर्देश दिया गया। तत्काल डॉयल 112, जूटमिल पेट्रोलिंग और स्टाफ क्षेत्र की नाकेबंदी में जुट गये। कुछ ही देर में घटनास्थल के पास आरोपियों को भागते हुए जूटमिल पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी के स्टाफ द्वारा पकड़ा गया। पूछताछ में एक आरोपी अपना नाम कृष्णा भट्ट दूसरे ने मयंक यादव नाम बताया जिसे चौकी लाया गया। पूछताछ पर दोनों अपना अपराध स्वीकार किए। आरोपी कृष्णा भट्ट से 1470 रुपए, एक लोहे का कत्ता एवं आरोपी मयंक यादव से ?870 तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीजी 22 आर 6971 को जप्त किया गया है। पीड़ित गणेश राम साहू और संतोष साहू से तहसीलदार के समक्ष आरोपियों की पहचान कराई गई जिसके बाद दोनों को लूट के अपराध में गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ करने पर दिनांक 25/11/2021 की रात्रि पुलिस चौकी जूटमिल अन्तर्गत पावरग्रीड से जोगीतराई जाने वाले रास्ते पर एक युवक (वेदप्रकाश पिता रत्तीदास महंत उम्र 31 वर्ष ग्राम खोखरा थाना पुसौर) से मोबाइल, लैपटॉप, नगदी करीब 15000 लूटपाट करना स्वीकार किए हैं जिसमें खर्च के बाद बचे 840 रूपये आरोपी कृष्ण भट्ट द्वारा पेश किया गया। आरोपी (1) कृष्ण भट्ट उर्फ बाबू भट्ट पिता करमहा भट्ट उम्र 26 साल (2) मयंक यादव पिता प्रकाश यादव उम्र 25 वर्ष दोनों साकिन सोनुमुड़ा देवारपारा वार्ड क्रमांक 38 चौकी जूटमिल रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# 15 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस की कार्रवाई



**रायगढ़।** आज दिनांक 13/12/2021 को कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर पंचधारी से चांदमारी की ओर बैग में शराब लेकर जा रहे आरोपी को बिजली आफिस के पास पकड़ा गया है। आरोपी के बैग से एक प्लास्टिक पारदर्शी पन्नी में रखा हुआ 15 लीटर महुआ शराब कीमती 3000 रूपये की जप्ती की गई है। आरोपी अर्जुन जाटवर पिता टेटकु राम जाटवर उम्र 50 साल निवासी पूंछापारा इंदिरा नगर रायगढ थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ के विरूद्ध धारा धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

# स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने बूस्टर डोज और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के टीकाकरण के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को दोबारा लिखा पत्र

**रायपुर (आरएनएस)।** स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कोरोना वैक्सीन के बूस्टर डोज के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख एल. मंडाविया को आज दोबारा पत्र लिखा है। उन्होंने 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के टीकाकरण के लिए भी मंडाविया से आग्रह किया है।

सिंहदेव ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को विगत 23 नवम्बर को लिखे पत्र को संदर्भित करते हुए अनुरोध किया है कि वर्तमान में कोरोना की तीसरी लहर और ओमिक्रॉन की उपस्थिति के बाद बूस्टर डोज एवं 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वैक्सीन लगाना बहुत आवश्यक प्रतीत होने लगा है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर हो रहे लगातार शोधों में यह बातें प्रारंभिक तौर पर आ रही है कि नए वेरिएंट के फैलने की गति डेल्टा वेरिएंट से कम से कम 2-3 गुना ज्यादा है और व्यक्ति से व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा संक्रमित करने की संभावना भी दोगुना ज्यादा है। अंतरराष्ट्रीय शोध में यह बात भी सामने आ रही है कि ओमिक्रॉन से प्रभावित लोगों में कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लगने के बाद उनमें विद्यमान एंटीबॉडी संक्रमण को रोकने में पूरी तरह सफल नहीं हो रहा है। इस कारण बूस्टर डोज लगाना अति आवश्यक प्रतीत हो रहा है। बूस्टर डोज का प्रभाव काफी सकारात्मक है और इससे प्रतिरोधक क्षमता 70-75 प्रतिशत बढ़ रही है।

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने पत्र में लिखा है कि वैक्सीन की दोनों डोज लेने के बाद भी लोग ओमिक्रॉन से संक्रमित होते देखे जा रहे हैं। यह भी देखा जा रहा है कि युवाओं और बच्चों में इसका संक्रमण ज्यादा है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय शोध के प्रारंभिक परिणामों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों से अविलंब राय लेकर शुरुआती तौर पर स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स, 60 वर्ष से अधिक के लोगों तथा कोमॉरबिडिटी (Co-morbidities) वाले लोगों को बूस्टर डोज लगाने का आग्रह किया है। सिंहदेव ने वैज्ञानिकों की सलाह के मुताबिक 18 साल से कम उम्र वाले बच्चों के टीकाकरण के संबंध में भी जल्द से जल्द समुचित निर्णय लेने का अनुरोध किया है।

# राज्य में धान खरीदी का आंकड़ा 19.25 लाख मीटरिक टन के पार

» धान खरीदी के एवज में 5.54 लाख किसानों को 3328.92 करोड़ रूपए का भुगतान

» सर्वाधिक 1,96,234 मीटरिक टन धान खरीदकर राजनांदगांव जिला पहले स्थान पर

» कस्टम मिलिंग के लिए धान उठाव में भी तेजीः 3.32 लाख मीटरिक टन धान का उठाव

रायपुर, 13 दिसम्बर (आरएनएस)। राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के लिए एक दिसम्बर से शुरू हुए धान खरीदी के बीते 13 दिनों में आज शाम साढ़े 6 बजे तक 5 लाख 53 हजार 612 किसानों से 19 लाख 24 हजार 794 मीटरिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई है। किसानों से 2479 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। खरीदी के पश्चात् बैंक लिकिंग व्यवस्था के



तहत इन किसानों को 3328 करोड़ 92 लाख रूपए की राशि मार्कफेड द्वारा अपैक्स बैंक को भुगतान के लिए जारी किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव भी तेजी से हो रहा है। अब तक 5 लाख 78 हजार 921 मीटरिक टन का डीओ जारी कर दिया गया है तथा उपार्जन केन्द्रों से मिलरों द्वारा 3,32,247 मीटरिक धान का उठाव कर लिया गया है। प्रदेश में अब तक कुल 1985 मिलर्स ने पंजीयन कराया है।

धान खरीदी के 13वें दिन भी राजनांदगांव जिला, प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के मामले में पहले पायदान पर है। राजनांदगांव जिले में 1,96,234 मीटरिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। बेमेतरा जिला धान खरीदी के मामले में आज राज्य में दूसरे क्रम पर है। बेमेतरा जिला में 1,47,656 मीटरिक टन धान की खरीदी की गई है। अब तक की धान खरीदी में बलौदाबाजार जिला राज्य में तीसरे स्थान पर है। बलौदाबाजार जिला में 1,44,217 मीटिरिक टन धान की खरीदी हुई है।

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार चालू विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर राज्य के बस्तर जिले में 23,562 मीटरिक टन, बीजापुर जिले में 5,066 मीटरिक टन, दंतेवाड़ा जिले में 857 मीटरिक टन, कांकेर जिले में 60 हजार 870 मीटरिक टन, कोण्डागांव जिले में 32 हजार 890 मीटरिक टन, नारायणपुर जिले में 3,564 मीटरिक टन, सुकमा जिले में 3,617 मीटरिक टन, बिलासपुर जिले में 99,373 मीटरिक टन, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 12,131 मीटरिक टन, जांजगीर-चांपा जिले में 1,19,941 मीटरिक टन, कोरबा जिले में 19,232 मीटरिक टन, मुंगेली जिले में 80,065 मीटरिक टन, रायगढ़ जिले में 96,956 मीटरिक टन, बालोद जिले में 1,32,449 मीटरिक टन, बेमेतरा जिले में 1,47,656 मीटरिक टन, दुर्ग जिले में 93,643 मीटरिक टन, कवर्धा जिले में एक लाख 22 मीट्रिक टन, राजनांदगांव जिले में 1,96,234 मीटरिक टन, बलौदाबाजार जिले में 1,44,217 मीटरिक टन, धमतरी जिले में 91,032 मीटरिक टन, गरियाबंद जिले में 72,559 मीटरिक टन, महासमुंद जिले में 1,33,124 मीटरिक टन, रायपुर जिले में 1,11,256 मीटरिक टन, बलरामपुर जिले में 28,495 मीटरिक टन, जशपुर जिले में 16,833 मीटरिक टन, कोरिया जिले में 20,928 मीटरिक टन, सरगुजा जिले में 30,054 मीटरिक टन और सूरजपुर जिले में 48,168 मीटरिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480